खबर संक्षेप

आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री उमंग सिंगार से आदिवासी नेताओं ने की भेंट

भुआबिछिया। मध्यप्रदेश विधान सभा के नेता प्रतिपक्ष, आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री उमंग सिंगार से आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष तुलसीराम धूमकेती, रत्नेश मरावी, पूर्व विधायक प्रो संजीव छोटे लाल उईके, सुनील उइके, जिला पंचायत सदस्य सावित्री धूमकेती के नेतृत्व में जिले के सैकड़ों आदिवासी पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं, पीला गमछा डालकर स्वागत किया। जिले में आदिवासियों के साथ हो रहे अन्याय, अत्याचार, एवं आदिवासी विकास परिषद संगठन के संबंध में विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर आदिवासी विकास परिषद के जिला उपाध्यक्ष कालूराम रौतिया, जिला सचिव, भगत सिंह धुर्वे, युवा प्रभाग के जिला अध्यक्ष कमलेश मर्शकोले,के साथ छात्र प्रभाग के सैकड़ों आदिवासी पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

26 जनवरी शुष्क दिवस घोषित

मण्डला। 26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि इस अवसर पर जिले की समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा कम्पोजिट दुकानें, रिसोर्ट बार, मिलिट्री केन्टीन एवं देशी मदिरा भंडागार बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। 26 जनवरी 2025 को घोषित शुष्क दिवस पर जिले में अवैध रूप से मदिरा का आयात, निर्यात, परिवहन, विनिर्माण, संग्रहण, कब्जा, विक्रय इत्यादि प्रतिबंधित रहेंगे।

मृदुकिशोर इंडस्ट्री द्वारा जीवन्त प्रतिमायें भेजी जा रही बनारस

मार्बल पत्थर में डाल दी जान

*** अयोध्या राम मंदिर निर्माण में भी भेजा गया था यहीं से मार्बल।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

आदिवासी बाहुल्य जिले की एक मात्र मार्बल ग्रेनाईट इंडस्ट्री जो कि मृदुकिशोर ग्रुप के द्वारा संचालित की जा रही है। यहां बनाए जा रहे मार्बल पत्थर और उनकी कलाकृति पूरे भारत में धूम मचा रही है। गुरप के द्वारा पिछले वर्ष आयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर निर्माण में मार्बल भेजा गया था जो मंदिर पर लगाया गया है। इसके बाद अब धार्मिक नगरी बनारस में भी गुरप के द्वारा कलाकृति भेजी जा रही हैं। जो कि जिले के लिए गौरव की बात है। मंडला जैसे आदिवासी बाहुल्य जिले में उद्योग व्यापार स्थापित करना कठिन तो है ही साथ ही यहां पर सुविधाओं का अभाव भी दिखाई देता है। इसके बाद भी गुरप के संचालक किशोर काल्पीवार और उनकी पत्नी मृदुला काल्पीवार इस काम में जुटे हुए हैं। मात्र सात साल में मार्बल इंडस्ट्री को पूरे भारत में पहचान दिलाकर जिले का गौरव बढ़ाया है। जिले में निर्मित की जा रही कलाकृतियां महानगरों में जाने लगी हैं। जहां पर बड़ी मात्रा में इन कलाकृतियों की मांग है मप्र के प्रमुख उद्योगपतियों में से एक किशोर काल्पीवार जो कि मंडला के ही निवासी हैं उन्होंने बताया कि मार्बल पत्थर से निर्मित मां और बेटी की प्रतिमा जिसकी ऊंचाई 12 फिट है और वजन 15 टन है। जो कि मातृत्व के संदेश को दे रही है इसी के साथ मार्बल पत्थर के 15 टन के नंदी और इसी प्रकार 15 टन शेर की भव्य आकर्षक मार्बल पत्थर से निर्मित प्रतिमाओं को बनारस भेजा रहा हैं। जिसका निर्माण मंडला के फूलसागर स्थित मृदुकिशोर ग्रेनाईट एवं मार्बल इंडस्ट्री में किया गया है। इन प्रतिमाओं को तैयार करने में लगभग 8 माह लगे हैं। आकर्षक और जीवन्त दिखने वाली इन प्रतिमाओं को तैयार करने में कलाकार प्रवीण सरयाम एमएफए, भास्करज्योति सोनावाल एमएफए, जयपाल सिंह तेकाम बीएफए खैरागढ़ यूनिर्वसिटी, उमेश कुमार नेताम पीएचडी, अशोक ब्रम्हा एमएफए के साथ प्रोजेक्टर इंचार्ज सुमन मजुमदर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वहीं महिला उद्योगपति के रूप में पूरे मप्र में जानी और पहचानी जाने वाली श्रीमति मृदुला काल्पीवार इन प्रतिमाओं के निर्माण के समय खुद ही समय देते हुए मार्गदर्शन भी कलाकारों को दे रही थी लिहाजा कम समय में ही इन प्रतिमाओं का निर्माण किया गया। जिन्हें बड़े वाहनों के माध्यम से गुरूवार को बनारस के लिए रवाना किया गया जिसका काल्पीवार परिवार के द्वारा विधि विधान से पूजन भी किया गया। यह प्रतिमा भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय नई दिल्ली के संयुक्त सचिव उमा नंदूरी के दिशा-निर्देश पर यहां से भेजी जा रही हैं। इन तमाम प्रतिमाओं को तमाम सुरक्षाओं के बीच रवाना किया गया है। उक्त प्रतिमाएं को उत्तरप्रदेश के वाराणसी जिले में भेजा रहा हैं। बताया गया है कि रेल मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय की सहयोगी पहल के तहत बनारस के सौंदर्य संवर्धन के लिए मध्यप्रदेश के मंडला जिले में मार्बल पत्थर की तीन मूर्तियां बनाई गई हैं। ये मूर्तियां वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा बनारस में स्थापित की जाएंगी। चूंकि इन मूर्तियों का आकार लगभग 12 फीट ऊंचाई और वजन लगभग 15 टन प्रति मूर्ति है। मंडला से भेजे जा रहे मार्बल का उपयोग मकराना के सफेद मार्बल के बीच अलग-अलग कॉम्बिनेशन में महरून, गोल्डन रंग के फूल आदि बनाने में हो रहा है। मण्डला जिले में सफेद मार्बल की उपलब्धता के चलते पिछले तीन दशकों में भारत में मूर्ति का उद्योग तेजी से बढ़ रहा है। इससे मंडला में मूर्ति का अच्छा मार्केट विकसित हो गया है। वर्तमान में मूर्ति का नाम आते ही मंडला शहर के फूलसागर का नाम जहन में आता है। यहां आने-जाने वाले लोगों को भी तैयार प्रतिमाएं अपनी ओर आकर्षित करती हैं मंडला के साथ-साथ अन्य स्थानों पर मूर्ति का कारोबार तेजी से बढ़ने लगा है। बताया गया है कि अयोध्या में निर्माणाधीन भव्य श्री राम मंदिर के गर्भ गृह में लगा मार्बलों की प्रोसेसिंग और कटिंग मंडला जिले में की गई है। जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर स्थित फूलसागर स्थित मार्बल इंडस्ट्री में जबलपुर और सीधी की खदानों से लाई जा रही संगमरमर की कटिंग हो रही थी और फिर इन संगमरमरों को नक्काशी के लिए राजस्थान और दिल्ली भेजा जा रहा है इन प्रतिमाओं के निर्माण के द्वारा और रवानगी के दौरान अनेक गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे जिसने भी इन प्रतिमाओं को देखा वह आश्चर्यचकित रह गया और कहा गया कि अगर मंडला जैसे पिछड़े जिले में इस तरह की कलाकृति है तो इसका भरपूर सहयोग जिला प्रशासन को करना चाहिए। मंडला में अनेक धार्मिक और ऐतिहासिक स्थल हैं जहां पर इन प्रतिमाओं की स्थापना से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। वहीं मंडला का मार्बल भी देशदुनिया में तहलका मचा चुका है। बड़े महानगरों में मंडला के मार्बल पर की जा रही नक्कासी के लोग दिवाने हो चुकें हैं।

अपर कलेक्टर ने की गणतंत्र दिवस की तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह ने की 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की तैयारियों की समीक्षा। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस का आयोजन गरिमामय रूप से सुनिश्चित कराने के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं पुख्ता करें। आयोजन के संबंध में जिन विभागों को जिम्मेदारियां प्रदान की गई है वे सभी निर्धारित समय से पूर्व अपनी तैयारियाँ पूर्ण कर लें। जिला योजना भवन में संपन्न हुई इस बैठक में अपर कलंक्टर अरविंद सिंह, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा एवं जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ और आशुतोष ठाकुर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

अपर कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि मार्चपास्ट की बेहतर तैयारी कराएं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में थीम तथा गुणवत्ता का ध्यान रखें। शासन की प्राथमिकता की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की थीम पर झाकियाँ तैयार करें। अपर कलेक्टर ने परेड, पार्किंग व्यवस्था, बेरीकेटिंग, पेयजल, स्वागत, विद्युत, बैठक व्यवस्था तथा गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किए जाने आदि के संबंध में जरूरी निर्देश दिए। अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह ने बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों सीएमओ मंडला गजानंद नाफड़े, होमगार्डस, विटनरी यूएस तिवारी और पीआईयू जेपी पटले को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

ग्राम पंचायत करा रही है ठेकेदारों से पक्के निर्माण काम

नारायणगंज। जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत कुछ पंचायत में पक्के निर्माण कार्य किए जा रहे हैं निर्माण कार्य एजेंसी पंचायत रहती है परंतु कमीशन के चक्कर में ठेकेदारों द्वारा पक्के निर्माण कार्य कर रहे हैं इंजीनियर द्वारा ग्राम पंचायत को दबाव डालकर अपने संबंधित ठेकेदारों को निर्माण कार्य का ठेका देकर घटिया निर्माण कर एवं गुणवत्ता विहीन भवनो का निर्माण हो रहा है जनपद पंचायत की ऐसी कई पंचायत हैं जो कि बिना निविदा के मटेरियल अपने ही चिन्हित दुकानों से खरीद कर अधिक दामों में बिना निविदा के खरीद रही है जिससे भवन जो या पक्के निर्माण कर पुल पुलिया भवन जैसे कामों में गुणवत्ता विहीन कार्य किया जा रहा है संबंधी अधिकारी मौन धारण किए हुए हैं किसी प्रकार की कोई कार्यवाही न होने के कारण आसपास की कई पंचायत है ठेकेदारों के एवं इंजीनियर के दबाव से काम कर रही है जिसकी जांच होनी चाहिए इस तरह की शिकायत है लगातार आ रही हैं।

बबैहा में अनुभूति कार्यक्रम का हुआ आयोजन

नारायणगंज। वन परिक्षेत्र टिकरिया अंतर्गत बीट बबैहा में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शासकीय हाई स्कूल बम्हनी भावल के छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं को वनों एवं वन्य प्राणियों के विषय में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नेचर ट्रेल में भ्रमण कराया गया, भ्रमण के दौरान वनों में पाई जाने वाली वृक्षों एवं वन्य प्राणियों की विभिन्न प्रजातियों एवं उनके संरक्षण के विषय में विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए जागरुक किया गया एवं मिशन लाइफ के तहत प्रो प्लेनेट पीपल के रूप में जाने वाली गतिविधियों के विषय में बताया गया। तदुपरांत विद्यार्थियों के लिए क्विज़ कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

जनशिक्षा केन्द्र में ओलिंपियाड परीक्षा का आयोजन

मवई। राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार, प्रत्येक जिला में जिला स्तरीय ओलिंपियाड परीक्षा का आयोजन विकासखंड मवई में किया गया जिसमें विकासखंड के जनशिक्षा केंद्र स्तरीय ओलिंपियाड परीक्षा में चयनित हुए छात्र-छात्राओं का दिनांक 22 जनवरी एवं 23 जनवरी को ओलिंपियाड परीक्षा आयोजित की गई जिसमें प्रथम दिवस 240में से 213 विद्यार्थी व द्वितीय दिवस 275 में से 271 विद्यार्थी उपस्थित हुए। जिसमें माखन सिंह सेंद्राम सहायक संचालक जिला शिक्षा केंद्र मण्डला, रामनाथ आयाम विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मवई, संकुल प्राचार्य गणेश धुर्वे, बीएसी कमलेश धुर्वे, बीएसी बसंत वारेश्वा, सीएसी पतिराम मसराम, सीएसी गोविंद सिंह, एमआरसी दीपक झरिया, लेखापाल पंकज कुजूर उपस्थित हुए एवं परीक्षा में सम्मिलित हुए।

प्राण प्रतिष्ठा की मनाई गई वर्षगांठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/हिरदेनगर

विगत वर्ष 22 जनवरी को जहां अयोध्या मे भव्य राम मंदिर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन हुआ था और इस दिन पूरे देश में और विदेशों में भी उल्लास एवं हर्ष का वातावरण निर्मित था। इसी कड़ी में जगह-जगह विभिन्न धार्मिक आयोजन आयोजित किये गये ग्राम हिरदेनगर में भी 22 जनवरी 2024 को भगवान श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा हनुमान मंदिर बस स्टैण्ड में की गई थी। इस कार्यक्रम को विगत 22 जनवरी 2025 को एक वर्ष पूर्ण हो गये इस अवसर पर हिरदेनगर बस स्टैण्ड में एक भव्य धार्मिक समारोह आयोजित किया गया हनुमान मंदिर बस स्टैण्ड में एक दिवसीय रामधुन का आयोजन किया गया और रामधुन की समाप्ति पर हवन-पूजन एवं विशाल भण्डारे का आयोजन भी किया गया। इस आयोजन को हनुमान मंदिर समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित किया गया। रामधुन में भाग लेने दूरदराज से भक्तगण पहुंचे जिन्होंने पूरे समय भगवान राम का भजन-कीर्तन किया और हवन-पूजन में शामिल होकर भण्डारे का प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

कांच के अंदर कला का जादूगर-त्रिलोक सिंधिया

मण्डला। मध्यप्रदेश के सुदूर आदिवासी अंचल के मण्डला जिले निवासी त्रिलोकसिंधिया ने भारत की शान दिल्ली का लालकिला कांच की बोतल के अंदर चिमटी की मदद से बनाया, काँच की बोतल को बिना क्षति पहुँचाए, कलाकृतियां बनाने में निपुण हैं। उनकी कलाकृतियों में भारतीय संस्कृति और आधुनिक नवाचार का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यह कला एक दुर्लभ विधा है, जो भारत की समृद्ध कला धरोहर का हिस्सा है। उनकी कलाकृतियां में धैर्य, निपुणता और रचनात्मकता का अनूठा संगम देखने को मिलता है। हर एक बोतल के अंदर त्रिलोक सिंधिया की कल्पनाओं और मेहनत का ऐसा जादू बसा है, जो आपको भारतीय कला के नए आयामों से परिचित कराता है। त्रिलोक सिंधिया पैसे से भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) में सहायक पद पर कार्यरत हैं। कलाकृति बनाना इनका शौक है।

कैम्प | बीजाडांडी में इक्कीसवीं सदी के कौशलों पर आधारित बूटकैम्प।

छात्राओं ने रच दिया भविष्य का नया अध्याय

*** 3 दिवसीय आयोजन में छात्राओं की निखरी कला।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कन्या शिक्षा परिसर, बीजाडांडी, मण्डला में इक्कीसवीं सदी के कौशलों को प्रोत्साहित करने के लिए शारीरिक साक्षरता, सौंदर्य साक्षरता और गोंड आर्ट पर केंद्रित तीन दिवसीय बूटकैम्प का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में कक्षा 6, 7 और 8 की 110 छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और संवाद, सृजनात्मकता, गहन सोच और आपसी सहयोग जैसे महत्वपूर्ण कौशलों को विकसित किया।

बूटकैम्प का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य डॉ कैलाश चंद्र गुप्ता एवं शा उ मा वि के प्राचार्य संजय सप्रे ने सरस्वती वंदना के साथ किया। उन्होंने छात्राओं को इक्कीसवीं सदी के कौशलों के महत्व को समझाते हुए उनके व्यावहारिक उपयोग पर बल दिया।

कार्यक्रम के पहले दिन ग्रामीण विकास एवं महिला उत्थान संस्थान के प्रमुख, रामकुमार सिंघोर ने मंडला की सांस्कृतिक धरोहर गोंड आर्ट का परिचय दिया। उन्होंने गोंड आर्ट के इतिहास, पारंपरिक शैलियों और इसके महत्व को समझाते हुए छात्राओं को इसे सीखने और इसके माध्यम से आय अर्जित करने की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। श्री सिंघोर ने गोंड आर्ट का अभ्यास कराया और छात्राओं को आवश्यक फीडबैक भी दिया। इक्कीसवीं सदी के कौशलों पर विशेष ध्यान देते हुए पीरामल फाउंडेशन की टीम के इमरान अहमद (प्रोग्राम लीडर), प्रवीण देशमुख और अनिकेत कुहिरे ने शारीरिक और सौंदर्य साक्षरता एवं लिंग जागरूकता के माध्यम से छात्राओं को विभिन्न गतिविधियां जैसे कौन निकला, दौड़ते भागते दृश्य, रस्साकसी, बाल टॉस, ब्लाइंडफोल्ड एवं अन्य सम्पन्न की। इस कार्यक्रम सफल बनाने में मण्डला जिले की सहायक आयुक्त श्रीमती वंदना गुप्ता और जिला स्काउट प्रभारी दिनेश दुबे का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। यह बूटकैम्प न केवल छात्राओं के लिए सीखने का अवसर बना, बल्कि इक्कीसवीं सदी के कौशलों के महत्व को समझने का भी एक बेहतरीन माध्यम साबित हुआ।

हमारा संविधान हमारे वर्तमान एवं हमारे भविष्य का मार्गदर्शन हैं कैलाश जाटव

*** संविधान गौरव अभियान के तहत संगोष्ठी आयोजित।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

भारतीय जनता पार्टी के केन्द्रीय एवं प्रदेश के नेतृत्व के निर्देश अनुसार संविधान गौरव अभियान के तहत आज जिला भारतीय जनता पार्टी द्वारा हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान विषय पर जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन उदय चौक में हुआ, आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप मे अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक कैलाश जाटव उपस्थित हुए, संगोष्ठी में उन्होनें कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा ही बाबा साहब अम्बेडकर जी का अपमान किया हैं, कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहब को चुनाव हरवाने का कार्य किया है, साथ ही बाबा साहब को लंबे समय तक भारत रत्न से वंचित रखा और स्वयं नेहरू जी ने अपने जीते जी प्रधानमंत्री रहते हुये स्वयं को ही भारत रत्न दिया, भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस की कथनी और करनी में अंतर हैं वहीं दूसरी ओर भाजपा ने हमेशा बाबा साहब एवं उनकी धरोहर को सम्मानित किया, भाजपा के समर्थन वाली केंद्र सरकार ने1990 में बाबा साहेब आंबेडकर जी को भारत के सबसे बड़े सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से मरणोपरांत सम्मानित कराया। भाजपा सरकार ने बाबा साहब के जीवन से जुड़े हुये प्रमुख स्थलों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित कराया ओर उस धरोहर को राष्ट्र को समर्पित कर बाबा साहब को सम्मान दिया हैं, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाबा साहब के 125 वी जयंती के अवसर पर संविधान दिवस की शुरूआत की, जिससे संविधान निर्माण में बाबा साहब के योगदानों को जन-जन तक पहुंचाया जा सकें,उन्होंने कहा कि बाबा साहब के जीवन दर्शन उनके संघर्षों को हमेशा याद रखें इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, पूर्व विधायक रामप्यारे कुलस्ते, जिला महामंत्री उमेश ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष अखिल सिहारे, मोर्चा जिला अध्यक्ष इंजी. जुगल किशोर बघेल डॉ विजय सरवटे, पूर्व अध्यक्ष रोचीराम गुरवानी, नपा अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जयदत्त झा, भाजपा नगर अध्यक्ष शिवा रानू राजपूत, अजा.मोर्चा नगर महामंत्री नीरज कांड्रा सहित पार्टी के पदाधिकारी जनप्रतिनिधियों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

सालीचौका में महाविद्यालय भवन निर्माण हेतु भूमि का किया सर्वे

सालीचौका। प्रदेश के शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के प्रयासों से सालीचौका के लिये महाविद्यालय के सौगात मिल चुकी है। मगर उसके लिये भवन की जरूरत महसूस की जा रही है। इस तरह शासकीय नवीन महाविद्यालय सालीचौका निर्माण हेतु भूमि आवंटन प्रक्रिय का सर्वे एक्सीलेंस कॉलेज नरसिंहपुर के प्रधानाचार्य आर पी सिंह व नोडल अधिकारी गणेश सोनी सहित कौरव, सतीश द्वारा किया गया। सर्वे में नगर परिषद की भूमि एवं आस पास के गांव की भूमि भी देखी तथा सभी भूमियों की रिपोर्ट बना कर भोपाल आयुक्त को ईमेल द्वारा भेजी गई है। बताया जाता है कि इस सर्वे में क्षेत्रीय नेतृत्व भी मौजूद रहा जिसम मुख्य रूप से रामनारायण बड़कुर, जितेंद्र राय, रामदयाल पटेल, सुरेश मामूलिया, पराग तिवारी, मयंक लोधी एवं कॉलेज की प्रधानाचार्य श्रीमती शिल्पी पटेल के आलवा राजस्व विभाग का अमला भी मौजूद रहा जिसमे आर आई चित्तौड़िया, पटवारी, गजेंद्र वर्मा, सुयश उपाध्याय मौजूद थें।

ठंड के बीच क्षेत्र में कबूतरों का शिकार करने वाला गिरोह सक्रिय

गाडरवारा। वन्य प्राणियों का शिकार करने में माहिर तत्व लगता है लगता है कि उन पंछियों की जाने लेने पर तुले हुए हैं जो अपनी उड़ान और चहक से माहौल को खुशनुमा बनाते हैं और जिनकी उपस्थिति प्राकृतिक संतुलन बनाने के लिये जरूरी रहती है, सूत्रों के मुताबिक विगत दिनों हुई क्षेत्र में ओलाबारी व इस समय चल रहे मौसम के कारण जंगली पहाड़ी इलाकों से झुंड के रूप में कबूतर शहर सीमा में आ रहे हैं। आमतौर पर सड़कों के किनारे लगे पेड़ों, टेलीफोन या बिजली के तारो पर शांति के प्रतीक कबूतर बैठे रहते हैं ,सुबह के वक्त और ढलती साँझ में इन कबूतरो की मौजूदगी लोगों को भली भांति दिखाई देने लगती है, परन्तु देखा जा रहा है कि लोगों द्वारा इनका शिकार करने या फिर इन्हे पकड़ने से नही चूक रहे है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो वनविभाग की उदासीनता कही जावे या फिर मिली भगत से युवकों द्वारा चन्द पैसों की लालच में इन कबूतरों का शिकार किया जा रहा है। जनचर्चाओं से मिल रही जानकारियों के अनुसार कुछ लोग कबूतरों के मांस के शौकीन होते हैं जो लकवा ग्रस्त मरीजो को इस निरीह पक्षी के खून की चाहत होती है, इसलिये यहाँ कबूतरों के शिकार की प्रवृत्ति बढ रही है? उल्लेखनीय है कि कबूतरों को मारने के लिये गुलेल का प्रयोग किया जाता है, जिसके कारण उनके शिकार के मामले चर्चित नहीं हो पा रहे हैं किंतु प्रशासन से अपेक्षित है कि वह पक्षियों के शिकार पर बंदिश लगाने की पहल करें।

गांव में कीचड़ का साम्राज्य, स्वार्णिम म.प्र. बनने की सपने पर लग रहा ग्रहण..?

सालीचौका। जहां एक ओर प्रदेश से लेकर केन्द्र में बैठी सरकार द्वारा ग्रामों के विकास के लिए मनमानी धनराशि भेजकर उनकी सूरत बदलने की सोच बनाये हुए है? वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि धन राशि खर्च होने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति नही बदल पाने के कारण जहां देश के मुखिया द्वारा देश को स्वच्छ बनाने के सपने पर पंचायतों में बैठे जनप्रतिनिधि व अधिकारियों द्वारा ग्रहण लगाया जा रहा है? वही दूसरी ओर क्षेत्र की अनेक पंचायत की उदासीनता के चलते ग्रामवासियों को बदहाल स्थिति में जीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है? इस बात की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाली अनेक ग्राम पंचायतों में देखने मिल रही है? बताया जाता है कि शासन द्वारा ग्राम पंचायत में सड़को के निर्माण सहित अन्य कार्यो के लिए काफी मात्रा में धनराशि खर्च की गई है, जिसके खर्च होने के बाद भी आज गांव की स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि लोगों को घुटना घुटना कीचड़ के बीच से गुजरना पड़ रहा है।

भीष्म पितामह जयंती के अवसर पर कौरव सेवा समिति द्वारा भव्य भजन संध्या के साथ किया महाआरती का आयोजन

गाडरवारा। कुरूवंश के वीर पुरूष व अपनी प्रतिज्ञा पर सदा ही अटल रहने वाले इच्छा मृत्यु के आर्शीवाद से परिपूर्ण युद्धा गंगा पुत्र भीष्म पितामह की जन्म जयंती प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी कौरव समाज द्वारा गांव गांव बडे ही धूमधाम के साथ मनाई गई। भीष्म पितामह जयंती के पावन अवसर पर बीते हुये गुरूवार को कौरव सेवा समिति द्वारा नगर के उत्सव भवन में महाआरती के साथ साथ जरूरतमंदों के लिये नवीन वस्त्रों का वितरण के साथ साथ पौधारोपण का आयोजन किया गया। वैसे भी देखा जावे तो कौश्रव सेवा समिति द्वारा मनाव सेवा को लेकर जहां आये दिन इस तरह के कार्य करते हुये देखी जाती है जिसकी लोगों में सदा ही सराहना होने से नही चूक पाती है। बीते हुये वर्षो पर नजर डाली जावे तो हर वर्ष कौरव सेवा समिति द्वारा गर्मी का मौसम शुरू होते हुये जहां नगर में भ्रमण करने वाले मूक पशुओं के लिये पीने के पानी की टंकी स्थापित करते हुये मूक पशुओं के लिये पीने का पानी उपलब्ध कराया जाता है। वही ठंड के सीजन में रात के समय नगर के रेलवे स्टेशन से लेकर बस स्टेन्ड व नगर के चौक चौराहों पर ठंड से परेशान हो रहे लोगों को खोजते हुये उन्हें कम्बल व अन्य प्रकार के गर्म कपड़े उपलब्ध कराई जाते है। इसके आलवा कौरव सेवा समिति द्वारा नगर में आये दिन स्वच्छता अभियान चलाते हुये सड़को की साफ सफाई के आलवा पौधा रोपण सहित समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित करने के आलवा लोगों को सहायता पहुंचाने के लिये निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाते हुये देखा जाता है। इसी प्रकार से नगर के कौरव सेवा समिति द्वारा गुरूवार को कुरूवंश के वीर यानि की गंगा पुत्र भीष्म पितामह की जयंती के मौके पर भजन संध्या के साथ महाआरती का आयोजन किया गया। कौरव सेवा समिति द्वारा आयोजित महाआरती में अखिल भारतीय कौरव महासभा के जिला अध्यक्ष राव पवन सिंह के आलवा महेन्द्र पटैल चारगांव वाले, सुरेन्द्र पटैल मझले भैया, चीचली मंडल अध्यक्ष गिरजा शंकर कौरव सिंहपुर, एड विक्रांत कौरव, राजा मासाब, जितेन्द्र गोहल, राजेन्द्र कौरव गरधा, प्रदीप कौरव बरांझ, आशीष कौरव, शालकराम कौरव, आनंद कौरव, रमाकांत कौरव ललवानी, शैलेन्द्र कौरव, मनीष ममार कामती, राजेश कौरव राजू भैया, प्रदीप कौरव रेवाश्री, प्रदीप कौरव बगलई, राघवेन्द्र कौरव, अभिषेख पटैल, अंकुश पटैल, राम कौरव राम कलेक्शन, मधुसूदन पटैल मासाब, दिलीप कौरव, संजय कौरव मेडीकल, इंजी संजय कौरव, अंकुर कौरव, अधि राकेश कौरव, बडडे भैया कामती, आकाश कौरव, मोहन मरैया, अनुभव कौरव, मोनू कौरव, भानू कौरव, सूरज कौरव, भानु प्रताप कौरव सिहपुर, प्रो पहलाद कौरव, नन्हे भैया कौरव बगलई, प्रहलाद कौरव नेता, मनोज कौरव, रंजीत कौरव, वीरेन्द्र कौरव सहित कौरव सेवा समिति के सदस्यों द्वारा गंगा पुत्र भीष्म पिता का पूजन अर्चन करते हुये महाआरती की गई। वही दूसरी ग्राम बगलई आई हुई भजन मंडली द्वारा महाआरती के दौरान जिस तरह शानदार प्रस्तुति दी गई उसके चलते लोग मग्न मुग्ध होने से नही चूक पाये। इस तरह लगभग दो घंटे तक चले महाआरती के आयोजन उपरात प्रसादी का वितरण करते हुये कौरव समाज के युवा पत्रकार मनीष ममार द्वारा महाआरती में पधारे हुये सभी कुरूवंशियों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया गया। इस तरह सेवा समिति द्वारा मानव सेवा के आराध्य गंगापुत्र भीष्म पितामह की सोच को चारितार्थ करने के लिये समाजसेवा के रूप में किये जा रहे कार्यो की जहां नगर के अनेक लोगों द्वारा सराहना की गई तो वही दूसरी ओर कौरव समाज के युवा तथा समाज सेवा में तत्पर रहते हुये देखा जाता है। इस तरह कौरव सेवा समिति द्वारा जरूरत मंदों के लिये किये गये वस्त्र के वितरण के दौरान लाभ लेने के लिये शामिल हुये एक युवक से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि निश्चित तौर से कौरव सेवा समिति द्वारा समाज सेवा के लिये अनेक प्रकार के आयोजन किये जाते है और इसका हम लोगों को लाभ मिलता है। वही दूसरी कौरव सेवा समिति द्वारा हम लोगों के लिये यवस्थाय बनाई गई थी वह बहुत ही सराहनीय है। क्योंकि इस महंगाई के दौरान हम लोगों को बाजार से वस्त्र खरीदना मुश्किल होता है। मगर आज हम लोगों को कौरव सेवा समिति द्वारा जिस तरह वस्त्र उपलब्ध कराये गये है। उसमें हम बडे लोगों से लेकर छोटे बच्चों के कपडे तक शामिल है। अक्सर देखा जाता है कि लोग अपने कार्यक्रमों को लेकर हजारों रूपया खर्च कर देते है। मगर कौरव समाज द्वारा अपने आराध्य गंगापुत्र की जन्म जयंती के मौके पर कौरव सेवा समिति द्वारा पीडितों की सेवा के लिये जिस तरह से कार्य किये जाते है उससे निश्चित तौर अनेक लोगों के लिये लाभ मिलता है और उनकी दुआये समिति की सफलताओं व समाज सेवा में चार चांद लगाने से नही चूकेगी। वही दूसरी ओर इस वर्ष भीष्म पितामह जयंती का आयोजन किसी निर्धारित स्थान पर सामूहिक रूप से नही होने के कारण कौरव समाज द्वारा गांव गांव कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसी के चलते समीपस्थ ग्राम सिंहपुर छोटा में गिरजा शंकर मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में भीष्म पितामह जयंती के मौके पर आरती का आयोजन करते हुये गांव में शोभायात्रा निकाली गई तो दूसरी ओर इसी तरह क्षेत्र के अनेक गांवों में आयोजन किया गया।

नगर की बिगड़ी हुई यातायात व्यवस्था में सुधारने में असफल हो रहा प्रशासन, महानगरों की तरह दिखाई पड़ रहे जाम के नजारे

गाडरवारा। शहर की आबादी बढ़ने,आपाधापी भरे समय में स्वाभाविक तौर से वाहनो, आटो की संख्या में ईजाफा होने, स्कूलो बसो, ट्रको की भरमार होने, अतिक्रमण की गहराती समस्या के कारण नगर की प्रमुख सड़के्र बेजा यातायात का दबाव सहने की स्थिति में दम तोड़ती जा रही है और वही नवनिर्मित सड़कों के भी जर्जर होने की शुरूआत हो गयी है। जिन पर सुबह से अनियंत्रित गति से चल रहे वाहनों से जहां पैदल स्कूलो में जाने वाले बच्चो, राहगीरो, शासकीय कर्मचारियो का सड़कों को पार करना मुश्किल हो रहा है। वही सड़कों के किनारों पर बेतरतीव वाहनों के खड़े रहने से नगर के राठी तिराहे, पलोटन गंज चौराहे, झंडाचौक पर रोज जाम लगने के हालात बन रहे है? इन स्थानों के सकरे पन की वजह से कभी कभार वाहनों का रेला इतना अधिक लग जाता है कि यातायात अराजक हो जाता है और लोगो का परेशानी उठाने मजबूर होना पड़ता है। वही दूसरी ओर नगर की सड़कों पर घूम रहे आवारा मवेशी भी यातयाता व्यवस्था को पूर्ण रूप से तहस नहस करे हुए है। जिनको हटाने के लिए बीते हुये समय में पूर्व नपा द्वारा हाकां गैंग की शुरूआत की गई थी मगर पता वह अचानक कहा गायब हो चुकी है? वही चल रहे किसानों के कृषि कार्यो के सीजन में जब बाजार गुलजार रहता है तब कई जगह जाम लगने की नौबत आने से आमजनो का सड़को पर चलना दूभर होने के साथ साथ शहर का महौल बड़े महानगरों के समान दिखाई देने से नही चूक पा रहा है? बताया जाता है कि शहर में अक्सर दिखायी देने वाले जाम के मंजर बाजार में दुकानदारो द्वारा सड़कों के आधे हिस्से पर सामान फैलाने तथा लोगों में अतिक्रमण करने की बढ़ रही प्रवृत्ति की देन है। विदित हो कि बरसो से पुलिस को मिल रही नगर की यातायात व्यवस्था सुचारू रखने की चुनौती को स्वीकार करने में स्थानीय पुलिस नाकाम साबित होते हुये जान पड़ रही है? शहर के थाने में अलग से पर्याप्त यातायात पुलिस कर्मी न रहने से कई महत्वपूर्ण स्थानो पर यातायात पुलिस कर्मी तैनात नही हो पा रहे है, जिससे अनियंत्रित गति से वाहन चलाने वाले मनचाहे ढंग से सड़कों पर वाहन दौड़ा दुर्घटनाओं को निमंत्रण देकर यातायात व्यवस्था को बिगाड़ रहे है। वही शहर वासियों का कहना है कि बदलते समय में शहर के सौन्दर्यीकरण के साथ नगर के युवाओं, नागरिको की चाहत है कि नगर की यातायात व्यवस्था में सुधार करने शासन प्रशासन हरकत में आएँ, जिला पुलिस अधीक्षक नगर के थाने में अपेक्षित यातायात पुलिस कर्मियो की तैनाती कराये ताकि शहर के प्रमुख स्थानो पर जाम लगने की समस्या खत्म हो सके।

प्रतिदिन शहर की सड़कों पर मिट्टी ढ़ोने वाले ट्रेक्टरों चालकों की मनमानी चलते बढ़ रहा धूल का ग्राफ, आमजन का सांस लेना हो रहा दूभर..?

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। इस समय नगर की सड़कों पर देखा जा रहा है कि जिस प्रकार से नियम विरूद्व ट्रेक्टरों का परि संचालन किया जा रहा है उस ओर प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने का परिणाम यह है कि ट्रेक्टरों के संचालक पूर्णरूप से अपनी मनमानी पर उतारू होकर आम लोगों तथा नगरवासियों की जिन्दगी को खतरे में डालने से नही चूक रहे है? क्योंकि सही मायने में देखा जावे तो नगर की सड़को पर दौड़ने वाले इन ट्रेक्टरों का पंजीयन कृषि कार्य के नाम पर होने के बाद भी उन्हें अन्य दूसरें धंधों में उपयोग होते हुये खुलेआम देखा जाने के बाद भी संबंधित विभाग की चुप्पी नियम विरूध दौड़ने वाले इन ट्रेक्टर मालिको की मनमानी को बढ़ावा देने से नही चूक रही है? वही यदि इन ट्रेक्टरों के संचालन की स्थिति पर गौर किया जावे तो प्रशासन का ठुल मुल रवैया होने के कारण इन ट्रेक्टर चालको के हौसले बुलंद देखे जा रहे है? इतना नही आये दिन दिखा जाता है कि जब इन ट्रेक्टरों से मिट्टी, रेत व गिट्टी की ठुलाई करते हुए नगर में प्रवेश किया जाता है तो इन ट्रेक्टरों को इस प्रकार के नाबांलिक बच्चों द्वारा दौड़ाते हुए देखा जाता है कि जिनके पैर न तो ब्रेक तक पहुंच पाते है और न ही उनकी उम्र वाहन चलाने की होती है? इसके बाद भी प्रशासन की कुम्भकर्णी निंद्रा का परिणाम है कि उनके द्वारा छूट प्रदान किये जाने के कारण यह लोग आम लोगों की जिन्दगी को खतरे में डालते हुए देखे जा रहे है? वही अक्सर नगर की सड़कों पर इन ट्रेक्टरों का संचालन होते हुए उस समय देखा जाता है जब बच्चों के स्कूल छूटने तथा लगने का समय होता है, स समय नगर की सड़कों पर दौड़ने वाले ट्रेक्टरों की गति को देखते हुए यह जान पड़ता है कि शायद मासूमो का अब भगवान ही मालिक है? वही दूसरी ओर जिस प्रकार से इन ट्रेक्टरों में ढोये जाने वाली मिट्टी को ट्रेक्टर मालिको द्वारा इस प्रकार से ओवर लोडिंग भरते हुए नगर की सड़को पर दौड़ाया जाता है जिसके चलते जब वह मिट्टी सड़को पर गिरने के बाद अन्य छोटे वाहन चालको के लिए खतरा की घंटी बताते हुए जान पड़ती है। क्योंकि सड़को पर गिरने वाली इस मिट्टी के चलते जहां बाइक सबारों को फिसलने का भय बना रहता है तथा इस मिट्टी के धूल में परिवर्तित होने के बाद सड़क को गंदा तो करती ही है साथ ही साथ जब इस मिट्टी से बनी हुई धूल के गुब्बरे बनकर उड़ते है तो लोगों का सांस लेना भी दूभर होने से नही चूकता है। इस तरह ओवर लोडिंग मिट्टी लेकर दौड़ने वाले इन ट्रेक्टर ट्रालियों के चलते शहर की गलियों में धूल का ग्राफ बढ़ते चला जा रहा है और धून के गुब्बरे उड़ने से लोगों का सांस लेना मुश्किल हो है। इस तरह मिट्टी परिवहन करने वाले इन ट्रेक्टर ट्रालियों से गिरने वाली मिट्टी के चलते छोटे वाहन चालक स्लिप होकर घायल होने से भी नही बच पा रहे है।

अधिकारियों की उदासीनता के चलते कागजों में दबकर समाप्त हो जाती है शासन की अनेक योजनाएं.....?

हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा। राज्य और केन्द्र शासन ने प्रदेश के विकास हेतु कई कल्याण कार्ययोजनाएं जनता के हितार्थ बना दी है कि उनकों अमलीजामा पहनाना संदिग्ध हो चला है, योजनाओं का कितना क्रियान्वयन हुआ है और क्या उसमें कमी है, इसकी सूक्ष्मता से जांच जरूरी है? क्योंकि कागजी आंकड़ों मे योजनाओं को सफल बता दिया जाता है, इसके लिए जिम्मेदार होते है नौकरशाह और अफसरशाही वर्ग जो कि नेताओं को गुमराह कर योजनाओं को नीतियों को सफल क्रियान्वयन होना तो बता देते है परंतु नतीजा शून्य ही होता है? जिस प्रकार से शासन द्वारा आम लोगों के हितों को ध्यान रखते हुये योजनाओं की झड़ी लगा दी परंतु योजनाओं की परिणति क्या हुई होगी, इसका अंदाजा पूर्व से लेकर अब तक ग्राम पंचायतों में जनप्रतिनिधि बने बैठे पार्टी के हम दर्दियों द्वारा ही प्रदेश के मुखिया की योजनाओं को किस प्रकार से क्रियान्वयन किया जा रहा है जो मात्र कागजों में तो दिखाई दे रही है, इसकी सच्चाई इस समय जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाली अनेक पंचायतों में देखने मिली सकती है। जहां पर कागजो पर तो पंचायत में विकास कार्यो की गाड़ी पूरी तप्तार से दौड़ रही है, मगर सच्चाई कुछ और ही है? क्योंकि देखा जा रहा है कि प्रदेश मे पंचायतीराज, भ्रष्टाचार इर्ष्याद्वेष एवं भाई भतीजावाद के आधार पर चल रहा है,? पंचायतों के माध्यम से जिन योजनाओं के कार्य सौंपे जाते है उनमे सही एवं पात्र लोगों को लाभ न मिलकर अन्य लोगों को इसका लाभ मिल जाता है? जिन पंचायतों मे आदिवासी सरपंच है एवं महिला सरपंच है उनके कर्ताधर्ता उप सरपंच या सचिव होते है जो सामान्य या अन्य वर्ग के होते है जो भाई भतीजावाद के आधार पर सरपंच को गुमराह कर शासन की राशि पर पलीता लगाते रहते है? शासन को उक्त समस्त योजनाओं की पुनः खोज खबर लेनी होगी ताकि प्रदेश सरकार को अपनी महत्ता के साथ साथ अपनी ही पार्टी के पंचायत स्तर पर बैठे जनप्रतिनिधियों की पंचायतों की जांच करना जरूरी है, क्योंकि देखा जाता है कि अक्सर पार्टी के लोग ही अपने नेता को मलाई खाने के चक्कर में बर्बाद कर देते है? जबकि इसमें बड़े नेता का कही कोई दोष नही होता है, मगर अपने ही चम्मचों के कारण कढ़ाई को परेशानी झेलनी पड़ती है।

नगर में जहां तहां विक्रय हो रही मांस मछली के अवैध कारोबार के चलते नगर में फैल रही गंदगी

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा

भले ही नगर पालिका द्वारा मांस मछली विक्रय करने के लिये जगह निर्धारित की गई है। मगर इसके बाद भी लोगों द्वारा नगर में जहां तहां खुलेआम मांस मछली का विक्रय करते हुये देखा जा रहा है जिसके चलते नगर का वातावरण तो प्रदूषित हो ही रहा है साथ ही साथ लोगों की धार्मिक भावनाओं को भी ठेंस पहुंचने से नही चूक रही है? इस प्रकार से मांस मछली विक्रय करने वालो की मनमानी पर अंकुश न लग पाना नपा प्रशासन की उदासीन कार्य प्रणाली सहित पुलिस प्रशासन की उदासीनता को भी उजागार करने से नही चूक रही है? जिसके चलते इस प्रकार से नगर में धडल्ले से जहां तहां हो रहे मांस मछली के विक्रय से नगर में गंदगी फैलने के साथ साथ लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेंस पहुंचने से भी नही चूक रही है? क्योंकि इस प्रकार से मांस मछली सहित अंडे का व्यापार करने वाले लोगों द्वारा न तो नगर के मंदिरों का ध्यान रखा जा रहा है और न ही शिक्षण संस्थाओं का जिसके चलते लोगों में इस प्रकार से खुलेआम बिक रहे मांस मछली के विक्रय को लेकर आक्रोश देखने मिल रहा है? इस प्रकार से धडल्ले से विक्रय होने वाले मांस मछली की सच्चाई इस समय नगर की पानी टंकी सहित सहित अन्य स्थानों पर देखने मिल रही है। बताया जाता है कि पानी टंकी के पास जहां नगर का एक मात्र गायत्री मंदिर स्थित है वही हनुमान मंदिर के साथ साथ शिक्षण संस्था भी स्थापित है, मगर इसके बाद भी यहां पर प्रतिदिन शाम के वक्त जहां खुलेआम मछली विक्रय होते हुये देखी जा रही है वही अनेक मांस की दुकाने भी संचालित हो रही है, इस स्थिति में जब कोई व्यक्ति मंदिर जाता है तो उसे सबसे पहले इस प्रकार से विक्रय होने वाली मांस व मछली पर नजर पड़ते हुये उसकी धार्मिक भावना को ठेस पहुंच रही है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई स्कूली बच्चों में भी देखने मिल रही है जिन्हें इस प्रकार खुलेआम विक्रय होने वाले मांस व मछली के चलते घृडा का शिकार होते हुये देखा जाता है, कुछ इसी प्रकार का हाल नगर के पलोटन गंज जाने वाले मार्ग पर देखी जा रही है जहां हनुमान मंदिर व आचार्य मंदिर से चंद कदम दूरी पर खुलेआम बिरयानी विक्रय का वोर्ड अपनी शोभा बढ़ाने से नही चूक रहा है, यही हाल नगर के अन्य स्थानों पर भी देखने मिल रहा है? इस प्रकार से निर्धारित स्थल के जगह नगर के प्रमुख व धार्मिक स्थलों के आसपास होने वाले मांस मछली विक्रय को लेकर न तो प्रशासन द्वारा कोई कदम उठाया जा रहा है और नही नपा प्रशासन द्वारा जिसके चलते नगर में खुलेआम गंदगी का महौल निर्मित होने से नही चूक पा रहा है। इस प्रकार से नगर की गलियों व धार्मिक स्थलों के आसपास होने वाले मांस मछली विक्रय पर अंकुश लगाने की मांग की जा रही है।

म.प्र.शासन का लेख कराते हुए बगैर परमिट दौड़ रहे चार पाहिया वाहन

सालीचौका। आबादी के बढ़ते दबाव के चलते पूरे जिले मे सड़कों पर दौडने वाले चार पहिया सवारी बाहनों की संख्या भी तेजी से बढ़ती चली जा रही है। इन वाहनों पर नियंत्रण के लिए नियम कायदे बने है, जिनका पालन कराने की जिम्मेदारी परिवहन विभाग की है मगर विभागीय सुस्ती के कारण सड़कों पर बगैर परमिट के अनेक टैक्सी धडल्ले से चल रहे है, कभी कभार कागजी खानापूर्ति के लिए एक दो वाहनों का चालान कर दिया जाता है बगैर टैक्सी परमिट के दौड़नें वाले वाहनों की संख्या क्षेत्र में हजारों में है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो यहां पर स्थित अनेक कंपनियों द्वारा अनेक वाहनों को किराया पर ले किया गया है, जिनके किराय से लागने के लिए भी परमिट होना जरूरी होता है मगर बिना टैक्सी परमिट के वाहन मे सवारियों का परिवहन करना सरा सर परिवहन नियमों की अवहेलना है? मगर अक्सर देखा जाता है कि शासकीय कार्यालयों में लगे हुए अनेक वाहनों में म.प्र. शासन का लेख कराते हुए उन्हें किराय के रूप में खुलेआम यातायात नियमों की धज्जियाँ उठाई जा रही है? एक तरफ जहां नियमों के परखच्चे उड़ रहे है, वही दूसरी तरफ टैक्स के माध्यम से सरकार को मिलने वाले राजस्व को भी हानी पहुंच रही है, देखने मे आ रहा है कि अधिकांश जीप, मार्शल, बुलेरो, स्कारपियों या उसे जैसे वाहन निजी कंपनियों में किराय पर सवारी ढोने के काम मे लगे हुए है, इस प्रकार वाहन मालिक टैक्स की राशि बचाकर अपने वाहनों को सवारियों के परिवहन मे लगा देते है और परिवहन विभाग कभी इसी जांच के लिए व्याापक अभियान नही छेड़ता, परिणाम स्वरूप ऐसे वाहन धडल्ले से चल रहे और इनकी संख्या दिनो दिन बढ़ती जा रही है, जब कोई दुर्घटना होती है तब अधिकारियों से लेकर आम पब्लिक हाथ मलते रह जाती है, नगर में स्थित व क्षेत्र में स्थित अनेक कंपनियों में इसी प्रकार अधिकांश शासकीय विभागों मे निजी वाहनों को किराए पर लगाया गया है, जबकि शासन के स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी सरकारी दप्तर से आवश्यकता होने पर जो वाहन किराए पर लगाए जाएं उनका रजिस्ट्रेशन परिवाहन विभाग मे टैक्सी वाहन के रूप मे होना अनिवार्य है, परिवहन विभाग के पास इन वाहनों पर कार्यवाही किये जाने की जानकारी नही मिली। शासन के आदेश की विभागीय अधिकारी विभाग भी इस दिशा मे उदासीनता प्रदार्शित कर रहा है।

कहीं कुत्तों से न फैल जाए बीमारी

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। इन दिनों देखा जा रहा है कि शहर में अधिकतर आवारा कुत्तें खुजली बीमारी की चपेट में जान पड़ रहे है, इससे गली चौराहों से आने जाने वाले लोगों की परेशानियां बढ़ रही है। वही दूसरी ओर इन बीमार कुत्तों से अन्य कुत्तें तो चपेट में आ ही रहे है बल्कि इंसानों में भी यह बीमारी फैलने की आशंका है? यूं फैलती है बीमारी-आवार कुत्तों को अमूमन खुजली की बीमारी फंगस, फफूंद तथा पैरासाइट की वजह से होती है, पालतू कुत्तों की समय समय पर सफाई होने से इनमें बीमारी कम पाई जाती है,लेकिन आवारा कुत्तों में सफाई के अभाव में बीमारी ज्यादा होती है जो बातावरण में फैलाता प्रदूषण भी मुख्य कारण है, प्रदूषित पानी पीने या प्रदूषित धूल कण में लेटने से भी खुजली की बीमारी की समस्या पैदा हो रही है। इंसानों को भी खतरा-पशु चिकित्साकों के अनुसार खुजली से पीड़ति कुत्तें बीमारी से परेशान होकर इधर उधर तेजी से घूमतें है, जिससे पास से निकलने वाले लोगों को भी इनके कीटाणु फैलतें है, बच्चों को अधिक सावधानी रखनी चाहिए क्योंकि बच्चों में नासमझी की वजह से बच्चों के इनके सम्पर्क में आने या छू लेने से उन्हे भी बीमारी लगने की संभावना रहती है। मुहिम चालाई जाए- क्षेत्र में घूमते आवारो कुत्तों में खुजली रोग ज्यादा फैल रहा है।

बिजली विभाग की अनदेखी बनती है किसानों के परेशानी का कारण

हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा। जिस प्रकार से देखा जा रहा है कि बिजली विभाग द्वारा एक ओर अपने बिजली बिलों की बसूली को लेकर तो सभी प्रकार के माप दंडों का उपयोग करते हुए किसानों से पैसा बसूने में उनके घरों में रखी हुई सामग्री तक जप्त करने से नही चूक रही है? मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि बिजली विभाग द्वारा अपनी विद्युत लाईनों के रख रखाब की ओर किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने के कारण प्रति वर्ष क्षेत्र के किसानों को बिजली विभाग की लापरवाही के चलते आर्थिक क्षति का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। क्योंकि बिजली विभाग की उदासीनता का परिणाम है कि किसानों के खेतों से निकली हुई बिजली लाईनों की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि वह वर्षो पुरानी होने के कारण उनके तार झूला के समान झूलते हुए दिखाई दे रहे है और वह तार जरा से हवा चलते ही एक दूसरे से टकरा जाने की स्थिति में आग की चिन्गारी छोड़ना चालू कर देते है, इसके चलते किसानों के खेतों में खड़ी हुई फसलों में आग लग जाने के कारण किसानों को आर्थिक क्षति का सामना करने के लिए प्रतिवर्ष मजबूर होते हुए देखा जाता है, जिसका उदाहरण इस समय क्षेत्र के अनेक गांवों में देखने भी मिल रहा है जहां पर किसानों के खेतों में खड़ी हुई गन्ना फसल आये दिन आग से जलकर खाक होने से नही चूक रही है, क्योंकि क्षेत्र के गांवों की मेन्टेनेस व्यवस्था पर बिजली विभाग द्वारा ध्यान नही दिये जाने के कारण गांवो में किसानों की सिंचाई हेतु स्थापित किये गये ट्रांसफार्मर भी जल जाते है जिनकों बदलवाने के लिए क्षेत्र के किसानों को बिजली विभाग के अधिकारियों के अनेक चक्कर लगाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इस स्थिति में देखा जावे तो जहां किसानों के खेतों में आग लगने के कारण उन्हें आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ता है वही दूसरी ओर कई दिनों तक बिजली बंद रहने के कारण उनकी सिंचाई का कार्य भी प्रभावित होता है। इस प्रकार से क्षेत्र के किसानों के खेतों में खडी हुई फसलों के ऊपर झूलते तारों के चलते दहशत में दिखाई पड़ रहे है।

जन्मदिन उत्सव
पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह फरवरी का फार्मेट का प्रकाशन 20 जनवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 25 जनवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

खबर संक्षेप

26 जनवरी गणतंत्र दिवस को शुष्क दिवस घोषित

डिंडौरी। मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के प्रावधानों के तहत जिला दंडाधिकारी हर्ष सिंह ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को जिले की समस्त देशीध्विदेशी मदिरा की कम्पोजिट मदिरा दुकानों एवं देशी भण्डागार एवं हेरीटेज मदिरा विनिर्माण इकाई ग्राम भाखामाल अमरपुर के लिए एक दिवस के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेश के मुताबिक समस्त मदिरा की दुकानें 26 जनवरी दिन रविवार को सीलबंद रहेंगी। शुष्क दिवस के दौरान डिण्डौरी जिले की समस्त देशी/विदेशी मदिरा की कम्पोजिट दुकानों से मदिरा का विक्रय व व्यक्तिगत भण्डारण, संग्रहण, परिवहन, आयात-निर्यात पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

मां नर्मदा जी की विशाल चुनरी यात्रा एवं जयंती हेतु बैठक संपन्न

अमरपुर। मां नर्मदा जयंती के पावन पर्व के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अमरपुर से रमपुरी माँ नर्मदा तट तक विशाल चुनरी यात्रा का आयोजन इस वर्ष भी किया जायेगा। साथ ही धूमधाम से माँ नर्मदा जयंती मनाई जाएगी। उक्त कार्यक्रम की रुप रेखा तय करने गुरुवार को अमरपुर नगर वासियों ने माँ काली पंडाल में बैठक की एवं बैठक में निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी माताओं बहनों से माँ नर्मदा की चुनरी हेतु साड़ी ली जाएगी एवं एक साड़ी के साथ न्यूनतम 251 रुपयदान भी लिया जायेगा एवं वही साड़ी माताओं बहनों को वापिस भी किया जायेगा। इस वर्ष स्थानीय खरमेर नदी में माँ नर्मदा की प्रतिमा स्थापित की जावेगी एवं जहाँ माँ नर्मदा भक्तों के द्वारा महाआरती प्रसाद वितरण किया जावेगा एवं दूसरे दिन सुबह 8 बजे विधि विधान से पूजा उपरांत माँ नर्मदा जी की प्रतिमा एवं विशाल चुनरी रमपुरी घाट के लिए रवाना होगी। उपरोक्त बैठक में आकाश नामदेव, मनोज पाठक, संजय जंघेला, व्ही बी तिवारी, माखन साहू, रविंद्र धार्वे, कृष्ण कुमार तिवारी, मोरपाल ठाकुर, अजय वनवासी, संतोष वनवासी, राजकुमार वनवासी आदि मौजूद रहे।

सिर पर लाठी मारकर हत्या् करने वाले पति को आजीवन कारावास की सजा

डिंडौरी। *मीडिया सेल प्रभारी, अभियोजन अधिकारी द्वारा बताया गया कि, थाना समनापुर के अप0क्र0 535/2023 सत्र प्रकरण क्रमांक 75ध्2023 के आरोपी मिथलेश यादव पिता रामचरण यादव उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम धनौली बंदरापानी टोला थाना समनापुर को लोहे के सब्बिल से सिर एवं शरीर में मारकर हत्या कारित करने के मामले में न्यायालय विशेष न्यालयाधीश अ.जा./अ.ज.जा (अत्यांचार निवारण) अधिनियम डिण्डौरी, जिला डिण्डौवरी द्वारा आरोपी को धारा 498(ए) भादवि के अपराध के लिए 03 वर्ष सश्रम कारावास एवं 1000 के अर्थदण्डि, धारा 302 भादवि के अपराध के लिए आजीवन कारावास एवं 2000 के अर्थदण्डल, धारा 201 भादवि के अपराध के लिए 07 वर्ष सश्रम कारावास एवं 1000 के अर्थदण्डा एवं धारा 3(2)(अ) एससीध्एसटी एक्टम के अपराध के लिए आजीवन कारावास एवं 2000 के अर्थदण्डष से दण्डित किया गया, अर्थदण्डड की राशि अदा न करने पर क्रमशरू धाराओं में 01 माह, 02 माह, 01 माह, 02 माह अतिरिक्तत सश्रम कारावास भुगताये जाने का आदेश पारित किया गया ।*

स्कूलों सहित आंगनबाड़ी केंद्रों में दर्ज 16 हज़ार बच्चे राशन नहीं मिलने से हुए प्रभावित

सैकड़ों स्कूलों में नहीं पहुँचा एमडीएम का राशन, हजारों नौनिहाल प्रभावित

डिंडौरी

मध्य प्रदेश में आबादी का एक बड़ा हिस्सा गरीब है। गरीबों को मुश्किलों में भी खाना मिलता रहे इसके लिए सरकार राशन कार्ड के जरिए कम कीमत में गेहूं, चावल, जैसे जरूरी सामान उपलब्ध कराती है। लेकिन जिले में इन दिनों खाद्यान आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई हैं, डिंडौरी ज़िले में भारत सरकार द्वारा निर्धारित नवीन मापदण्ड के विरुद्ध घटिया स्तर की खाद्यान सामग्री वितरित कराया जा रहा हैं, वही दूसरी तरफ राज्य सरकार द्वारा आंगनवाडी केन्द्रों में 06 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों एवं गर्भवती/धात्री माताओं,अतिकम वजन के बच्चों को प्रति हितग्राही प्रतिदिन निम्नानुसार पूरक पोषण आहार दिये जाने का प्रावधान किया गया हैं। परंतु ज़िले के लगभग 311 स्कूलों सहित आंगनबाड़ी केंद्र में 16 हज़ार छात्र सरकारी लापरवाही और उपेक्षा के कारण खाद्यान्न से प्रभावित हुए है । उक्त नौनिहालों राशन से वंचित है। राष्ट्र के भविष्य बच्चों को पौष्टिक आहार देकर उन्हें शारीरिक रूप से स्वस्थ और तंदुरुस्त बनाने तथा मानसिक रूप से प्राथमिक शिक्षा के लिए तैयार करने के लिए 0 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केंद्र खोले गए जिससे बच्चों को राशन मिल सके लेकिन डिंडौरी ज़िले में पीडीएस राशन, एमडीएम, साँझा चूल्हा,का राशन घटिया क्वालिटी का वितरण कर छात्रो के स्वास्थ से खिलवाड़ किया जा रहा है। जिला प्रशासन डिंडौरी की नाक के नीचे कमीशन का खेल चल रहा है और चावल की गुणवत्ता को दरकिनार करते हुए आम नागरिकों छात्रो को राशन वितरण किया जा रहा है। वर्तमान में जनवरी माह आधे से ज्यादा बीत जाने के बाद भी जिले की लगभग 54 शासकीय उचित मूल्य दुकानो में माह जनवरी का 311 शालाओ में खाद्यान्न, नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा आपूर्ति नही की गई है, जिससे जिले के 16 हज़ार छात्र योजना से लाभान्वित होने वंचित रह गये है। जिले में बैठे जिला खाद्य अधिकारी के कान में जु नही रेंग रही है साथ ही द्वार प्रदाय योजना अन्तर्गत बड़े बड़े वादे करने वाले नागरिक आपूर्ति निगम डिंडौरी भी झूठा दावा कर रहा है कि आपूर्ति हो जाएगी। किंतु दावे खोखले नजर आ रहे अब देखना ये होगा कि जिला प्रशासन खाद्य अधिकारी, प्रबंधक नान के विरुद्ध क्या कार्यवाही करते है...?

प्रशासन तक कई बार शिकायत होने के बाद भी कार्यवाही शून्य

ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में अधिकारियों व राशन डीलरों की मिलीभगत के चलते आंगनबाड़ी केंद्रों पर राशन सामग्री के वितरण में भारी धांधली की जा रही है। वही उच्च क्वालिटी का राशन वितरण नहीं किया जा रहा है जिसकी शिकायत सक्षम अधिकारी को करने के बाद भी कोई प्रभावी बदलाव देखने को नहीं मिल रहा है जिसके चलते ख़राब राशन से ही थोड़ी बहुत साफ़ सफ़ाई करके पूर्ति की जा रही है जिससे स्वस्थ में विपरीत प्रभाव पड़ने की अपार संभावना है।

MDM allotment month of January-2025 (FPS) Not Received

S.N.	Block	FPS	Total Number Of Schools	Total Number Of Inmates	Alloted Qty	Received Alloted Qty
1	Dindori	3901004	3	274	535	
2	Dindori	3901014	3	183	367	
3	Dindori	3901049	4	212	331	
4	samnapur	3902013	8	533	1046	
5	samnapur	3902020	6	494	967	
6	samnapur	3902021	6	240	383	
7	samnapur	3902023	6	448	824	
8	samnapur	3902024	4	279	525	
9	samnapur	3902025	4	269	475	
10	samnapur	3902029	4	233	399	
11	samnapur	3902034	6	177	359	
12	samnapur	3902041	2	136	201	
13	samnapur	3902044	1	51	79	
14	Amapur	3903012	10	526	1011	
15	Amapur	3903013	19	795	1644	
16	Amapur	3903019	4	152	272	
17	Amapur	3903023	5	151	231	
18	Amapur	3903025	7	247	411	
19	Amapur	3903026	4	108	180	
20	Amapur	3903027	6	253	484	
21	Bajag	3904003	3	100	167	
22	Bajag	3904023	4	104	170	
23	Bajag	3904026	5	338	621	
24	Bajag	3904030	9	443	750	
25	Bajag	3904042	3	254	436	
26	Karanjiya	3905009	13	634	1317	
27	Karanjiya	3905010	3	116	225	
28	Karanjiya	3905014	7	318	535	
29	Karanjiya	3905016	2	126	217	
30	Karanjiya	3905019	6	371	677	
31	Karanjiya	3905021	7	338	740	
		Total	174	8903	16579	

---

2 वर्षों में ही टूट गया 15 लाख रुपए का चैक डेम, पर्दादारी में जुटे जिम्मेदार

बजाग जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत दूल्लोपुर का मामला

प्राक्कलन में निर्धारित तकनीकी मानकों को दरकिनार कर बगैर बेस का कराया स्टॉप डेम निर्माण

डिंडौरी

मध्यप्रदेश का सबसे पिछड़ा डिंडौरी जिले का सबसे पिछड़ा माने जाने वाला विकास खंड बजाग में करप्शन के बड़े बड़े मामलें जिम्मेदारों की कृपा से फाइलों में दफन है। यूं तो बजाग जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायतों में प्रतिवर्ष मनरेगा में सर्वाधिक बजट व्यय करते हुए बड़ी तादात में कार्य कराए जा रहे हैं, जिनके हालात बनते ही जर्जर या अनुपयोगी साबित होते हैं, लेकिन गांव और ग्रामीणों के विकास के नाम पर तकनीकी अधिकारी उपयंत्री और एसडीओ कार्य स्वीकृत करने से लेकर कार्य पूर्ण होने तक किश्त दर किश्त कमीशन लेते हैं जिससे कार्यों की गुणवत्ता की स्थिति बद से बदतर हो रही हैं। चेकडैम, स्टॉप डेम, पुल पुलिया समेत तमाम पक्के कार्यों का तकनीकी प्राक्कलन में निर्धारित मानकों का पालन करना तो दूर बल्कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने की औपचारिकता तक जिम्मेदार नहीं निभा रहे हैं, मापपुस्तिका और बिल में उपयंत्री आंख बंद कर शत प्रतिशत मूल्यांकन दर्ज कर मोटी मलाई समेट रहे हैं, जबकि मनरेगा के जिला समन्वयक कलेक्टर सहित अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जिला पंचायत सीईओ महज दफ्तरों में समीक्षा बैठक कर कर्तव्यों की इतिश्री कर रहे हैं, जिसके कारण जिले भर में निर्माण कार्यों के नाम भ्रष्टाचार और बंदरबाट का खेल खुलेआम चल रहा है।

बगैर बेस का कराया 15 लाख रुपए का चेकडैम निर्माण

फर्जीवाड़ कर मनमानी मापपुस्तिका और बिल तैयार करते हुए भ्रष्टाचार और बंदरबाट किए जाने का नया मामला बजाग जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत दुल्लोपुर का सामने आया है।

वित्तीय वर्ष 2021- 22 में रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत सुरई नाला दुल्लोपुर में 14 लाख 98 हजार रुपए की लागत से चेकडैम निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया था, घटिया और मानक विरुद्ध कार्य कराए जाने के चलते चेकडैम टूट गया है, लेकिन भ्रष्टाचार और बंदरबाट करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने की बजाय मामले पर पर्दा दारी करने पर जुटे हैं।

कलेक्टर हर्ष सिंह ने ली निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक

डिंडौरी । कलेक्टर हर्ष सिंह ने गुरूवार को कलेक्ट्रट सभाकक्ष में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम बजाग सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन, सहित आरईएस, पीडब्ल्यूडी, पीआईयू, पीएमजीएसवाय, जल संसाधन, पुलिस हाउसिंग बोर्ड, एनएनएआई, नगर परिषद, शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग सहित सभी निर्माण संबंधी विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।

कलेक्टर हर्ष सिंह ने निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर स्वीकृत कार्य, कार्य आदेश, टेंडर, निर्माणाधीन कार्य, निर्माण कार्य की गुणवत्ता सहित अन्य निर्माण कार्यों के प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कुंडम-शहपुरा, शहपुरा-डिंडौरी, डिंडौरी से सागरटोला तक किए जा रहे राष्ट्रीय राजमार्ग 45 के निर्माण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सडक निर्माण कार्य दृश्यता मानक, स्लोप, क्वालिटी टेस्टिंग आदि कार्यों को मानक स्तर पर पूरा करें। निरीक्षण के दौरान जिन बिन्दुओं पर सुधार कार्य करने के निर्देश दिए थे, उन बिन्दुओं पर आवश्यकता कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सडक निर्माण कार्य में स्वीकृत ड्रांइग डिजाइन के अनुसार गुणवत्तायुक्त कार्य करें। निर्माण कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त होने वाली संरचनाओं को तत्काल ठीक सुधारें। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन कार्यों को समय-सीमा में पूरा करने के लिए निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्यां की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। स्वीकृत कार्यों के लिए अग्रिम कार्यवाही जल्द से जल्द सुनिश्चित करें। प्रचलित कार्यों में सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि लेआउट डिजाइन के अनुरूप ही कार्य पूरा हो। इसके लिए सतत निरीक्षण करते हुए समय-समय पर आवश्यक जांच करें। पूर्ण हो चुके कार्यों को संबंधित विभाग को शीघ्र सौंपे। संधारण कार्यों के लक्ष्य को समय पर पूरा करें और गुणवत्ता की सतत निगरानी करें। सभी संबंधित विभाग निर्माण एजेन्सियों के कार्य का निरीक्षण कर रिपोर्ट कार्यालय में प्रस्तुत करें।

कलेक्टर हर्ष सिंह ने पीडब्ल्यूडी विभाग के निर्माण कार्य, पीएमजीएसवाय के ब्रिज, सीसी रोड, बजाग-चाड़ा रोड, पीएम जनमन के निर्माणाधीन कार्य, मरम्मत कार्य, जल संसाधन के मध्यम एवं लघु सिंचाई परियोजना, पीआईयू के छात्रावास एवं विद्यालय निर्माण कार्य, सर्व शिक्षा अभियान के तहत किये जा रहे निर्माण कार्य, विद्यालयों में खेल मैदान, पीएमश्री, सीएमराईज स्कूल, पुलिस हाउसिंग के प्रचलित कार्य, नगर परिषद की सीसी रोड़, नाला निर्माण, स्ट्रीट पोल, कायाकल्प 2.0, अमृत 2.0, श्रमिक शेड निर्माण कार्य, आरईएस विभाग के संचालित कार्य और राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य की बिंदुवार विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्माणाधीन कार्यां के वर्तमान प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने कहा कि निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं को संबंधित विभागों के समक्ष रख त्वरित निराकरण करें और तय समय-सीमा में सभी कार्यों को पूरा करें। शिक्षा विभाग के निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर हर्ष सिंह ने कार्य प्रगति की जानकारी ली। जिसमें उचित डाटा प्रस्तुत न करने पर शिक्षा विभाग के ऑपरेटर को नोटिस देने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया।

मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत आज तक 55921 आवेदन प्राप्त

विधायक ने मेहंदवानी क्लस्टर में आयोजित जनशिविरों में किया हित लाभ वितरण

डिंडौरी । मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर जिले के सभी सात विकासखंडों में आयोजित किये जा रहे हैं, अभियान के तहत 26 जनवरी तक शिविरों का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शासन की योजनाओं को धरातल पर साकार करने के उद्देश्य से निरंतर जनशिविर आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में आज गुरुवार को मेहंदवानी की ग्राम पंचायत भुरका, धमनी, बर्रई, खजरी, पारापानी में जनशिविरों का आयोजन किया गया। मेहंदवानी में आयोजित जनशिविरों में शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे शामिल हुए, उन्होंने कन्या पूजन कर जनशिविरों का शुभारम्भ किया, जिसमें उन्होंने विभिन्न विकासात्मक निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण कर ग्रामीणों को हितलाभ का वितरण किया। ग्राम पंचायत भुरका में विधायक श्री धुर्वे ने 15वें वित्त के तहत 5 लाख रूपए की लागत राशि की एक सीसी रोड का निर्माण कार्य एवं 3 लाख लागत राशि के रंगमंच का भूमिपूजन किया। उन्होंने ग्राम पंचायत बर्रई में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 180.51 लाख लागत राशि की बर्रई से बैगानटोला तक 3.70 किलोमीटर की सड़क, विधायक निधि से रंगमंच, और 15वें वित्त के तहत एक सीसी रोड का भूमिपूजन किया। उन्होंने ग्राम पंचायत खजरी में 5 लाख राशि की सीसी रोड का भूमिपूजन और ग्राम पंचायत पारापानी में 4.18 लाख लागत राशि की एक सीसी रोड का लोकार्पण किया। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के माध्यम से जिला प्रशासन आपके द्वार तक आपकी समस्याओं का निराकरण करने पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में किए जा रहे निर्माण कार्यों से ग्राम का विकास किया जा रहा है। कुछ ऐसे लोग भी है, जिन्हें योजना का लाभ किसी कारणवश नहीं मिला पाया है, उन्हें शिविर में निराकृत कर रहे है। चिन्हित समस्याओं को हल करने का लक्ष्य बनाकर कार्य कर रहे है। आयोजित शिविरों में विधायक श्री धुर्वे ने उपस्थित ग्रामीणों से चर्चा कर ग्राम के विकास से सम्बंधित मुद्दों की जानकारी ली, उन्होंने कहा कि ग्राम के विकास सम्बंधित मुद्दों की सूची बनाकर सम्बंधित विभाग के माध्यम से कार्य किये जायेंगे, उक्त कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर ग्रामीणों को हितलाभ वितरित करेंगे। उन्होंने आयुष्मान कार्ड,वृद्धा पेंशन, मातृत्व वंदना योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, सम्बल कार्ड, प्रसूति सहायता, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित आदि योजनाओं के सम्बन्ध में ग्रामीणों से चर्चा की। इस दौरान विधायक धुर्वे ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत जनप्रतिनिधि और अधिकारी अपनी सहभागिता निभाते हुए बड़ी संख्या में शिविरों में शामिल हो रहे हैं। शिविर में आए हितग्राहियों को शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। शिविरों में जनसुलभ तक शासन की योजनाओं का लाभ सुगमतापूर्वक पहुंचाया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 जनवरी तक जिले के सभी सात विकासखंडों और दो नगर परिषद से कुल 55921 आवेदन शिविरों के माध्यम से प्राप्त किये जा चुके है। जिनमें से 53438 आवेदन स्वीकार किये गए है। डिंडोरी शहरी क्षेत्र में आयोजित शिविरों में कुल 2988 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 2954 आवेदन स्वीकृत किये गए। इसी प्रकार डिंडोरी ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित शिविरों में कुल प्राप्त 9834 आवेदन में से 9576 ,शहपुरा ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित शिविरों में कुल प्राप्त 8959 आवेदन में से 8798, समनापुर में आयोजित शिविरों में कुल प्राप्त 8457 आवेदन में से 8096, बजाग में आयोजित शिविरों में कुल प्राप्त 6749 आवेदन में से 6418, मेहंदवानी में आयोजित शिविरों में कुल प्राप्त 6513 आवेदन में से 5970, अमरपुर में आयोजित शिविरों में कुल प्राप्त 8592 आवेदन में से 8543, करंजिया में आयोजित शिविरों में कुल प्राप्त 3371 आवेदन में से 2707 आवेदनों को स्वीकार किया गया। शेष लंबित आवेदनों पर आवश्यक निराकरण की कार्यवाही की जा रही है।

शासकीय स्नातक महाविद्यालय शहपुरा में राष्ट्रीय सुरक्षा माह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

डिंडौरी

1 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक राष्ट्रीय सुरक्षा माह के अंतर्गत आज गुरूवार को थाना प्रभारी यातायात सुभाष उइके एवं जिला परिवहन कार्यालय से श्री पंकज डहेरिया द्वारा युवा वर्ग को सड़क दुर्घटनाओं से बचाने तथा यातायात के नियमों का पालन करने के लिए जागरुक किए जाने के उद्देश्य से शासकीय स्नातक महाविद्यालय शहपुरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें यातायात प्रभारी सुभाष उइके ने छात्र-छात्राओं को पंपलेट वितरण कर यातायात के नियमों की जानकारी दी तथा जिन लापरवाही के कारण अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं घटित होती है उनके बारे में विस्तृत चर्चा की गई, इस दौरान छात्र-छात्राओं ने भी अपनी शंकाओं को खुलकर सामने रखा जिसका समाधान कर उन्हें सही जानकारी देते हुए थाना प्रभारी यातायात द्वारा छात्र-छात्राओं को नशे की लत से दूर रहने एवं ओवर स्पीड ना चलने की समझाइश दी गई । कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी यातायात सुभाष उइके, परिवहन कार्यालय से पंकज डेहरिया एवं कॉलेज स्टाफ अपने टीमों के साथ उपस्थित रहे।

सड़क सुरक्षा सप्ताह का समापन कार्यक्रम संपन्न

डिंडौरी । यातायात पुलिस विभाग व नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट कार्यालय डिंडौरी में सड़क सुरक्षा सप्ताह का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री जगन्नाथ मरकाम ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा देश का भविष्य है, उन्होंने सभी युवाओं से अपील करते हुए कहा कि हेलमेट पहनकर ही दोपहिया वाहन चलाएं, नशा करके गाड़ी ना चलाएं, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाएं, और गाड़ी हमेशा धीमी गति से चलाएं। सडक सुरक्षा सप्ताह में लोगों को यातायात नियमों का पालन करने और दुर्घटनाओं से बचने के प्रति जोर दिया गया। इस अभियान में स्कूल, कॉलेज, और अन्य संस्थानों के साथ विभिन्न गतिविधियां जैसे जागरूकता रैली, वर्कशॉप, पोस्टर प्रतियोगिताएं और ट्रैफिक पुलिस के साथ संवाद आयोजित की गई। सड़क सुरक्षा सप्ताह का उद्देश्य हर नागरिक को यह संदेश देना है कि उनकी छोटी-बडी हर सावधानियां न केवल उनकी बल्कि दूसरों की भी जान बचा सकती हैं। आज उक्त कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा में कार्यरत 25 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, टी-शर्ट एवं कैप प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम, डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट ललित कुमार उददे, बृजेश सिंह, जन शिक्षण संस्थान से श्री आशीष तिवारी, श्री चंदन चैहान, हॉस्टल अधीक्षक राजेश चैरे और नेहरू युवा केन्द्र से आरपी कुशवाहा व अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।

कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण योजना के संबंध में बैठक संपन्न

डिंडौरी । कलेक्टर हर्ष सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण योजना के संबंध में बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में वनमंडल अधिकारी (सामान्य) पुनीत सोनकर, सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, वनमंडल अधिकारी (उत्पादन) हरिओम, जिला योजना अधिकारी ओपी सिरसे सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर हर्ष सिंह ने बताया कि जिला पर्यावरण योजना के अपडेशन का कार्य किया जाना है। जिसके संबंध में वन विभाग, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड शहडोल, स्वास्थ्य विभाग, पीएचई विभाग, जल संसाधन विभाग, उद्योग विभाग, खनिज विभाग, जिला पंचायत सहित अन्य संबंधित विभागों को प्रदूषण नियंत्रण करने के संबंध एवं जिला पर्यावरण योजना के लिए कार्ययोजना बनाने हेतु कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग अपशिष्ट प्रबंधन, वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण आदि के संबंध में योजना बनाकर प्रस्तुत करें। कार्ययोजना में सतत विकास की अवधारणा के आधार पर कार्य करना सुनिश्चित करें।

खबर संक्षेप

किया याद किये गये नेताजी

हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर। देश की आजादी के लिए अपना बलिदान देने वाले अमर शहीद नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती व पराक्रम दिवस पर पत्रकारों द्वारा सुभाष पार्क में देश की आजादी को लेकर उनके योगदान को याद कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा नमन किया। इस दौरान अमर नोरिया, समीर खान, विनोद कोरी, ताराचंद पटेल, मनोज नोरिया व नरेन्द्र श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

गुड़ भट्टी की कढ़ाई मे गिरा मजदूर, घायल

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस मजूदरी कार्य करते समय युवक गुड़ बनाते समय कढ़ाई मे गिर गया। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र करेली के बघुवार के गुड़ भट्टी पर काम करते समय पैर फिसल जिसमें गर्म गुड़ होने कारण उसके पैर बुर तरह झुलस गये। घायल नीरज कुमार को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां पर उपचार जारी है।

बहू को बेचने का आरोप सास ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर। गत दिवस महिला द्वारा पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर बहू को ढूंढने की मांग की गई। आवेदन मे बताया गया कि बहू अपनी सहेली के साथ जन्मदिन कार्यक्रम में जाने की बात कह कर गई हुई थी जो घर वापस नहीं आई।
शिकायतकर्ता के अनुसार थाना क्षेत्र स्टेशन गंज के निवासी व्यक्ति द्वारा बहू को बेच दिया गया है। महिला के अनुसार उसकी बहू द्वारा फोन पर बात की और वह वापस नहीं आ पा रही है। इस कार्य मे एक महिला एवं एक पुरुष शामिल होने की बात कही गई है।

राम स्नेही बने भाजपा जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला अध्यक्ष चुनाव के लिए लंबे समय से चल रही कयासों पर विराम लग गया। पार्टी के शीर्ष नेताओं द्वारा राम स्नेही पाठक को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति पर शुभचिंतकों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

पेंशनर समाज ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर। गत दिवस पेंशनर समाज द्वारा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के गोटेगांव प्रवास आगमन पर मप्र पेंशनर्स समाज के कार्यवाहक प्रांतीय अध्यक्ष एस के चतुर्वेदी के नेतृत्व में बी डी साहू तहसील अध्यक्ष, हरिनारायण तिवारी द्वारा स्वागत कर 9 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौपा। उक्त अवसर पर रमेश पाठक, डी, सी, नामदेव, निर्मल पटेल, बालकृष्ण द्विवेदी, बृजेंद्र वर्मा, भाव सिंह साहू किशोर सोनी, शेर सिंह परते,रमेश नागवंशी सहित सभी अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे ।

प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के एक्सीलेंस स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय, पीएम श्री केवि, चावरा विद्यापीठ, शा एम.एल.बी., प्रेमा देवी, रेवा श्री, काबरा मेमोरियल, न्यू ऐज पब्लिक स्कूल तथा सियाल इंटरनेशनल स्कूल से कक्षा नवमी से बारहवीं तक के 100 विद्यार्थी लगभग 15 अनुरक्षक शिक्षकों के साथ उपस्थित हुए। सर्वप्रथम विद्यार्थियों को पराक्रम दिवस के उपलक्ष्य में भारत है हम की पांच सीरीज रानी अबाका, तिलका मांझी, पीर अली, मंगल पांडे, कोटवाल धनसिंह अंग्रेजी तथा हिंदी में दिखाई गई। तुदपरान्त उससे संबंधित 25 बहुविकल्पीय प्रश्नों को हल करने हेतु 30 मिनट का समय निर्धारित किया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय के विप्रस के सदस्य डॉ. सुधीर सिंधई ने उक्त परीक्षा हेतु सभी विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। प्रश्नोत्तरी की जांच हेतु लगभग 20 शिक्षकों को सम्मिलित किया गया। परीक्षा की जांच उपरान्त प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को 250 का नगद राशि एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

सरकार महिला, गरीब, युवा तथा किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध

भारतीय खिलाड़ियों ने बल, बुद्धि पराक्रमण से पूरे विश्व में पहचान बनाई- मुख्यमंत्री

गोटेगांव। विगत दिवस गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सहयोग क्रीड़ा मंडल द्वारा गोटेगांव में आयोजित ऑल इंडिया प्रो- कबड्डी टूर्नामेंट को संबोधित कर कहा कि देश के खिलाड़ियों ने बल, पराक्रम, कौशल एवं बुद्धि से पूरे विश्व में पहचान बनाई है। विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय खेलों में खिलाड़ियों ने देश का मान बढ़ाया है। प्रत्येक आयोजन में कबड्डी एवं कुश्ती के खिलाड़ियों ने निश्चित रूप से पदक प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आने वाला समय युवाओं का समय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खिलाड़ियों एवं खेल विधाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। नवीन शिक्षा नीति में खेलों को विषय के रूप में शामिल किया गया है। साथ ही जनशिक्षकों की भर्ती की गई है।

11 लाख रुपये की राशि सहयोग क्रीड़ा मंडल गोटेगांव को देने की घोषणा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मणिनागेन्द्र सिंह फाउंडेशन और सहयोग क्रीड़ा मंडल द्वारा पारंपरिक खेलों के लिए किये जा रहे प्रयासों के साथ ही विगत 41 वर्षों से निरंतर आयोजित की जा रही कबड्डी प्रतियोगिता के वृहद आयोजन को लेकर प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि समिति के प्रयासों से अनेकों देश-प्रदेश स्तर के खिलाड़ी बने हैं। कबड्डी का ऐसा कोई खिलाड़ी नहीं है, जो गोटेगांव से खेलकर न गया हो। उन्होंने समिति द्वारा किये जा रहे खेलों के साथ ही समाज सेवा के कार्यों को भी सराहा। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने मंचीय कार्यक्रम से 11 लाख रुपये की राशि समिति को देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आगामी समय में परंपरागत खेलों को प्रोत्साहित करने के तारतम्य में कबड्डी लीग भी कराया जायेगा।इस अवसर पर सांसद चौ. दर्शन सिंह, विधायक द्वय विश्वनाथ सिंह पटेल व महेन्द्र नागेश, सहयोग क्रीड़ा मंडल के संस्थापक सदस्य मुलाम सिंह पटेल, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल युवा समाजसेवी प्रबल सिंह पटेल सहित अन्य विशिष्ट जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

कबड्डी खिलाड़ियों ने देश का मान बढ़ाया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कबड्डी के खिलाड़ियों एवं प्रशंसकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कबड्डी एकमात्र ऐसा खेल है, जिसमें भारतीय दर्शन परिलक्षित होता है। कबड्डी प्राणायाम व व्यायाम से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कबड्डी खेल में खिलाड़ी के पराक्रम और स्फूर्ति के अद्भुत समन्वय से महाभारत के चक्रव्यूह का मैदान में अहसास होता है। बदलते दौर में अब अन्य देश भी कबड्डी को प्रोत्साहित कर रहे हैं। कबड्डी के खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का मान बढ़ाया है। परंपरागत खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार भरसक प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि अपनी माटी में खेलने का आनंद कुछ और ही है। कबड्डी जैसे खेलों को विदेशों में आत्मीयता से अपना रहे हैं। साथ ही स्व मोनू भैया की तारीफ करते हुए कहा कि यह भव्य कबड्डी टूर्नामेंट में स्व मोनू भैया का विषेश योगदान रहा भले ही आज वह हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनकी आत्मा उनका प्रेम हमारे बीच हैं।

सरकार महिला, गरीब, युवा तथा किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार महिला, गरीब, युवा तथा किसानों के कल्याण के लिए अभियान चलाकर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2028 तक हर गरीब का पक्के आवास का स्वप्न को पूरा करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसी तरह युवाओं के लिए एक लाख से अधिक सरकारी पदों में नियुक्ति की जा रही है। आने वाले 5 वर्षों में 2.70 लाख पदों पर भर्ती कर सभी सरकारी पद भरे जायेंगे। लोक सेवा आयोग के लंबित सभी परीक्षायें शीघ्र आयोजित की जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा तथा रोजगार की दिशा में कार्य करते हुए युवा कल्याण का अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है।

भगवान श्री राम एवं श्री कृष्ण प्रदेश में जहां- जहां प्रवास किये वहां बनाये जायेंगे धार्मिक पर्यटन स्थल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देवी अहिल्या ने सुशासन की दिशा में उल्लेखनीय कार्य की है। उनके आदर्शों के अनुरूप प्रदेश में सुशासन के मापदंड स्थापित करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में हर स्थानों पर मूलभूत सुविधाओं के साथ- साथ कार्य किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण के एक वर्ष पूर्ण होने पर देश में उत्साह का माहौल है। पूरे देशभर में सांस्कृतिक अनुष्ठान आयोजित किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में भी जहां- जहां भगवान श्री राम एवं श्री कृष्ण के चरण पड़े उन स्थानों को धार्मिक पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित किया जायेगा।

17 अलग- अलग धार्मिक स्थानों में की जायेगी शराबबंदी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूरे प्रदेश में नशाखोरी जैसी सामाजिक बुराई के रोकथाम के लिए 17 अलग- अलग धार्मिक स्थानों में शराबबंदी की जायेगी। उन्होंने कहा कि नर्मदा परिक्रमावासियों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। नर्मदा किनारे उनके लिए आश्रय स्थल तथा स्नान घाट बनाये जायेंगे। साथ ही कहा कि नर्मदा के आंचल को हरा- भरा कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी कार्य किया जायेगा।
कार्यक्रम के दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने स्वागत उद्बोधन में परंपरागत खेलों को बढ़ावा देने में किये जा रहे नवाचार के साथ कहा कि गोटेगांव में लगातार 41 वर्षों से जनभावना के अनुरूप कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह गोटेगांव वासियों सहित अन्य लोगों के सहयोग की बदौलत संभव हो रहा है। प्रदेश सरकार भी खेल गतिविधियों को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के इस कार्यक्रम में शामिल होने पर प्रसन्नता व्यक्त किया।कार्यक्रम के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व. मणिनागेंद्र सिंह के छायाचित्र पर माल्यार्पण भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हाई जंप नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट अंजली वर्मा को शील्ड देकर सम्मानित किया।

मंच से किया विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभांवित

डॉ. मोहन यादव ने मंच से लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत आनबी पटेल,तेजस्वनी कहार व शिवन्या ठाकुर,मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण अंतर्गत सुपर 5000 योजना के तहत आस्था लोधी,पंकज दुबे व जगदीश लोधी और पशुपालन विभाग के अंतर्गत चारा विकास योजना के तहत रोहित अग्रवाल को लाभान्वित किया।

प्रतिभागी खिलाड़ियों से किया परिचय प्राप्त

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंचीय कार्यक्रम के उपरांत प्रतिभागी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। साथ ही सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य शुभकामनायें देकर प्रोत्साहित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया 135.18 करोड़ रूपये की लागत के कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गोटेगाँव में 135 करोड़ 18 लाख रूपये की लागत के 39 कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इनमें 22 करोड़ 85 लाख रूपये के 19 निर्माण कार्यो का लोकार्पण और 112 करोड़ 33 लाख रूपये के 20 निर्माण कार्यो का भूमिपूजन शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 22 करोड़ 85 लाख रूपये के 19 निर्माण कार्यो का लोकार्पण किया। इनमें 4 करोड़ 18 लाख रूपये की लागत का गोटेगांव में आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास भवन, 8 करोड़ 3 लाख रूपये लागत का गोटेगांव में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन (सूरवारी, बगासपुर, करेलीकला, सुपला, झामर, माल्हनवाड़ा, कल्याणपुर, बसुरिया, सगौरिया, मदनपुर, रिछई, खकरिया, भटेरा, बनवारी व सिमरीबड़ी), 5 लाख रूपये की लागत का मशाल चौक, 60 लाख रूपये लागत का हाईमास्क पोल और 9 करोड़ 99 लाख रूपये लागत का गाडरवारा पिपरिया (एसएच 22) से पिपरियाकला विकासखण्ड बावई चीचली का लोकार्पण किया। इसी तरह मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 112 करोड़ 33 लाख रूपये के 20 निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया। इनमें एक करोड़ 39 लाख रूपये लागत का नरसिंहपुर में जीएमएस रीछाई, एक करोड़ 23 लाख रूपये की लागत का शासकीय एचएसएस बॉयज तेंदूखेड़ा, एक करोड़ 47 लाख रूपये की लागत का गोटेगांव में ऑडिटोरियम, 5 करोड़ 47 लाख रूपये की लागत का देवनगर कुटरी मार्ग से केसरी नांदिया मार्ग, 40 करोड़ 4 लाख रुपये की लागत से मोहपानी से बड़ेगांव (तलैया) सड़क मार्ग, 12 करोड़ 49 लाख रूपये की लागत का मोहपानी बड़ेगांव रोड से भिल्माढाना (राजस्व) बाबई चीचली, 8 करोड़ 42 लाख रूपये की लागत का भिल्माढाना (राजस्व) से कोटरी रोड (छिंदखेड़ा) बाबई चीचली, 5 करोड़ 71 लाख रूपये की लागत का भिल्माढाना कोटरी रोड से हिंगपानी बाबई चीचली, 46 लाख रूपये की लागत का भिल्माढाना (राजस्व) कोटरी रोड से भिल्माढाना (वन) बाबई चीचली, 2 करोड़ 44 लाख रूपये की लागत का दिल्हेरी से बरखुआ (ग्वारी) मार्ग, एक करोड़ 2 लाख रूपये की लागत का बम्हौरी रोड़ से निवारी (सांईखेड़ा), एक करोड़ 39 लाख रूपये की लागत का बम्होरी रोड से खिरिया (सांईखेड़ा), 6 करोड 17 लाख रूपये की लागत का धनोरा रोड से अंजदा ढिगसरा (सांईखेड़ा), 2 करोड़ 38 लाख रूपये की लागत का गाडरवारा सांईखेड़ा रोड से धनौरा (सांईखेड़ा), 2 करोड़ 53 लाख रूपये की लागत का चामचौन से सांगई सांईखेड़ा, 8 करोड़ 28 लाख रूपये की लागत का गोटेगांव से जमुनिया, 2 करोड़ 16 लाख रूपये की लागत का नोनी से करेलीकलां, 2 करोड़ 87 लाख रूपये की लागत का नरसिंहपुर जबलपुर रोड से नोनी, 3 करोड़ 26 लाख रूपये की लागत का करेली कलां से गांगई और 2 करोड़ 97 लाख रूपये का सांकल रोड से बुधगांव कार्य का भूमिपूजन किया।

कार्यक्रम में रही इनकी उपस्थिति

ऑल इंडिया प्रो कबड्डी टूर्नामेंट के समापन कार्यक्रम में सहयोग क्रीड़ा मण्डल के संस्थापक सदस्य मुलाम सिंह पटेल,ज़िला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति, पूर्व विधायक हाकम सिंह चढ़ार, वीर सिंह सोनी, प्रकाशचंद जैन बब्बा, राजकुमार जैन, कमल कुमार जैन, डॉ. शोभाराम दुबे, महेश चौरसिया, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, जनपद पंचायत अध्यक्ष गोटेगाँव श्रीमती आरती सतीश पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पूनम जितेंद्र ठाकुर, सरपंच संघ उपाध्यक्ष श्रीमती प्रियंका खेमरिया, सहयोग क्रीड़ा मंडल स्थाई समिति के अध्यक्ष गोविंद प्रसाद जैन, आयोजन समिति के अध्यक्ष दादूराम पटेल, आयोजन समिति व्यवस्थापक प्रबल सिंह पटेल, युवा आयोजन समिति के अध्यक्ष अनीश खरया सहित जिले के नगरीय निकायों एवं ग्रामीण के प्रतिनिधि,खिलाड़ी और बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

तेंदूखेड़ा। इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में संचालित विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है जिसमें छात्र छात्राएं अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रतिभा का जौहर दिखा रहे हैं।इन सभी छात्र छात्राओं को समारोह पूर्वक सम्मानित किया जाएगा।

गुरुकुल आधार शिला स्कूल में खेल महोत्सव

तेंदूखेड़ा में संचालित गुरुकुल आधार शिला इंटरनेशनल स्कूल में 22जनवरी से 25 जनवरी तक तीन दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ संस्था के प्रबंधक रत्नेश बाजपेई एवं प्राचार्य राजेंद्र रघुवंशी समस्त शिक्षकों के द्वारा फीता काट कर प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। जिसमें कबड्डी खो खो वालीबाल क्रिकेट 100 मीटर दौड़ सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई है।इस मौके पर संस्था के प्रबंधक रत्नेश बाजपेई ने छात्रों को खेलों के महत्व उनके फायदों और जीवन में इनसे शिक्षा लेकर आगे बढ़ने की बात कही।

ओपन खेल प्रतियोगिता का आयोजन

विकासखंड चांवरपाठा के अंतर्गत आदर्श ज्ञान ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल राजमार्ग लोलरी की छात्रा शुभांशी बुंदेला ने गोला फेंक तथा भाला फेंक प्रतियोगिता में हिस्सा लिया । प्रबंधक देवेंद्र पटेल प्राचार्य मिथिलेश राजोरिया के मार्गदर्शन खेल शिक्षक नितेश कौरव के उत्कृष्ट प्रशिक्षण में भाला फेंक तथा गोला फेक में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।इस मौके पर मप्र शासन के पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं पूर्व विधायक भी शामिल रहे।जिले के प्रत्येक क्षेत्र से खिलाड़ी यहां पहुंचे थे।

शासकीय स्कूल में बता रहे खेलों का महत्व

शिक्षा के साथ साथ छात्रों के शारिरिक विकास और स्वास्थ्य की दृष्टि से खेल भी बहुत जरूरी है। शासकीय विद्यालय डोभी में खेल शिक्षक के द्वारा प्रति दिवस बच्चों को खेल सिखाए जाते हैं वर्तमान में गणतंत्र दिवस के पूर्व दो दिवसीय प्रतियोगिता भी आयोजित कराई जा है जिसमें बच्चों को वॉलीबॉल टेनिस बॉल खो-खो बैडमिंटन ऊंची कूद बोरा दौड़, आदि खेल की प्रतियोगिताएं आयोजित संस्था स्तर पर कराई जा रही है। इस प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर गणमान्य नागरिकों द्वारा सम्मानित कराया जाएगा। खेल के माध्यम से व्यायाम का भी अभ्यास कराया जा रहा हैं। इस प्रतियोगिता में नीलेश पटेल नीलेश पाली, प्रदीप ठाकुर बशीर खान सचिन पटेल महिला शिक्षक रोमा चौधरी गायत्री शर्मा शिवानी पाली आदि के माध्यम से इस प्रतियोगिताओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है।

याद किये गये स्वतंत्रता संग्राम सेनानी निरंजन सिंह

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। देश की आजादी के आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले और फिर आजादी के बाद जिले के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महापुरुषों को हम सब कभी भुला नही पाएंगे। ऐसे ही क्रांतिवीर ठाकुर निरंजन सिंह थे। उक्त बात ठाकुर निरंजन सिंह के जन्म स्थल गांव ग्राम बहोरीपार में उनकी जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष अश्वनी धोरेलिया अन्ना भैया ने कही। श्री धीरेलिया ने कहा कि ठाकुर निरंजन सिंह स्वतंत्रता संग्राम के दौरान कई बार जेल गए और उन्होंने हमेशा देश को सर्वोपरि रखा। आपने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में हमारे जिले की महत्वपूर्ण भूमिका रही। भूतपूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष लाल साहब जाट, शैलेश महाजन, रामजी पटेल के अलावा अन्य वक्ताओं ने ठाकुर निरंजन सिंह से जुड़े कई प्रसंगों का उल्लेख किया। कार्यक्रम के दौरान अमर शहीद सुभाष चंद्र बोस की जयंती होने पर उनका भी स्मरण किया गया। उक्त मौके पर नीलेश शर्मा, रामगोपाल पटेल ,मनीष जाट, मिथलेश जाट ,नीलेश जाट, जुगल चैकसे, योगेश शर्मा, नरेश जाट, अनिल शर्मा, शालिग राम नेमा, नरवेंद्र जमींदार के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर निरंजन सिंह जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि दी गई।

रासेयो की जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर प्राचार्य डॉ आरबी सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ जी एस मर्सकोले के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना जिला स्तरीय बैठक जो की शासकीय श्याम सुंदर नारायण महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर में आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से आए राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ शोभाराम मेहरा, जिला संगठन डॉक्टर दिलीप कुमार पाठक, आगाज समन्वयक विजय बघेल आगाज इंटर्न श्रुति गुप्ता आदि उपस्थित रहे इसी क्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई दलनायक वेदांत दुबे एवं छात्रा इकाई दलनायिका शिखा वर्मा, सह दलनायिका राशिका चौरसिया, सहदलनायक मानस गुप्ता के नेतृत्व में स्वयंसेवकों में दिनेश अग्रवाल, राज पटेल, विवेक साहू, हर्षित चैरसिया, ब्रजेश चैधरी, शालिनी चडार, तनु जोशी, ज्योति चैधरी, मनीषा राजपूत, यशिका सोनी, नंदिनी ठाकुर, स्वाति चैरसिया आदि सभी को अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र दिए गए।

नाम सुधार सूचना

मैं राजेश कुशवाहा आ. श्री शंकरलाल कुशवाहा निवासी इमलिया तहसील करेली जिला नरसिंहपुर। यह कि मैं उक्त पते का मूल निवासी हूँ । मेरे पुत्र प्रयांश कुशवाहा का जन्म दिनांक 19.11.2011 में जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में हुआ है। मेरे पुत्र प्रयांश कुशवाहा के जन्म प्रमाण पत्र में पुत्र का नाम मोहन कुशवाहा प्रयांश पिता का नाम राजेश पटैल माता का नाम रेखा दर्ज है। मैं अपने पुत्र प्रयांश कुशवाहा के जन्म प्रमाण पत्र में पुत्र का नाम प्रयांश कुशवाहा पिता का नाम राजेश कुशवाहा माता का नाम रेखा कुशवाहा दर्ज करवाना चाहता हूँ जिस हेतु यह शपथपत्र पेश कर रहा हूँ।